## एक नजर

### युवा कलाकार डॉ. दीपक वर्मा को कथक में डॉक्टरेट की उपाधि




**इटारसी,** देश की प्रतिष्ठित कला शिक्षण संस्था इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में बुधवार को 17वां दीक्षांत समारोह गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रामेन डेका, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री अनुज शर्मा एवं कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने विद्यार्थियों को उपाधी एवं स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें 5 शोधार्थियों को डी.लीट, 64 शोधार्थियों को पीएचडी और 232 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 4 विद्यार्थियों को रजत पदक प्रदान किए गए। दीक्षांत समारोह के दौरान इटारसी के युवा कलाकार एवं गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दीपक वर्मा को कथक विद्या में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

# कांग्रेस को वोट, भाजपा को नहीं, मेरी आपत्ति

## मरे के नाम जुड़े, जिंदों के कटे, एसआईआर में चल रहा है आपत्तियों का खेल, आपत्तिकर्ता नहीं रहते हैं मौजूद

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 28 जनवरी** एसआईआर का कार्य जितना सरल तरीके से होना था वह दिनों दिन कठिन होता जा रहा है. आम मतदाता अपनी पहचान बताने के लिये घंटों लाईन में लगे रहते हैं साथ ही नेता और बीएलओ मिलकर लोगो को परेशान करने का आरोप तो लग ही रहा है, भाजपा के नेता ओपी यादव ने ग्राम बैलावाडा के लगभग एक दर्जन लोगों के नाम पर आपत्ति ली.उसने स्वयं तहसीलदार के सामने कहा कि - साहब, यह लोग कांग्रेस को वोट करते हैं, भाजपा को नहीं, इसलिये मेरी आपत्ति है. वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कड़े शब्दों में कहा कि विधानसभा क्षेत्र 137 और 138 में एक समुदाय विशेष को लक्षित करना न्यायसंगत नहीं है। चर्चा यह भी रही कि भाजपा को वोट न देने वाले मतदाताओं के नाम कटवाने की कोशिश की जा रही है। पांडेय ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि शांतिपूर्ण जिले में धर्म के आधार पर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो हम चुप नहीं बैठेंगे। एक भी पात्र मतदाता का नाम कटा तो आंदोलन होगा। एसडीएम नीलेश शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य होगा। उन्होंने कहा, किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं काटा जाएगा। यदि जांच में आपत्तियां गलत पाई गईं, तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार सुनीता साहनी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आपत्तिकर्ता और मतदाता दोनों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। सात दिन का नोटिस देकर उन्हें बुलाया जाएगा.

**इनका कहना है कि**

नर्मदापुरम जिला शांतिपूर्ण जिला है यहां के सभी लोग अच्छे हैं लेकिन भाजपा के पदाधिकारी विशेष समुदाय के खिलाफ आपत्ति लेकर जिले की शांति भंग करना चाहते हैं.

**गुडडन पाण्डे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष**

मेरी जानकारी में नहीं है कि किसी भाजपा के सदस्य ने यह बोला कि यह लोग कांग्रेस को वोट करते हैं भाजपा को नहीं

**शक्ति सिंह तोमर, प्रभारी एसआईआर**

**एसआईआर लिस्ट में लगातार गलत तरीके से ली जा रही हैं आपत्तियां, झूठे नामों से लगाई जा रही है आपत्ति**

**इटारसी** निर्वाचन आयोग द्वारा (SIR) की प्रक्रिया मध्य प्रदेश में चलाई जा रही है,प्रशासन नागरिकों को इस बात के लिए आश्वस्त कर रहा है कि उनके साथ किसी भी तरीके का कोई द्वेशपूर्ण या भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं होगी,बल्कि लोगों को सहयोग दिया जा रहा है। लेकिन वहीं अब लगातार देखने में आ रहा है कि गलत नाम के जरिए ड्राफ्ट लिस्ट में नाम कटवाने के लिए कुछ लोगों द्वारा आपत्ति ली जा रही है,आपत्ति भी ऐसी के जो जहां का निवासी नहीं है वह भी दूसरी जगह के निवासीयों पर आपत्ति ले रहा है,कुछ प्रकरणों में ये भी दिखा की आपत्तिकर्ता ये भी नहीं जानता है कि उसने किसके विरुद्ध आपत्ति जताई है।मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ज़िला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अथर ख़ान के परिवार को भी बनाया गया निशाना,पत्नि सहित



बेटे के नाम पर ली आपत्ति,वहीं जिसके नाम से आपत्ति लगाई उसने बोला में तो उन्हें न उनके परिवार को जनता भी नहीं हूं मेरे नाम का ग़लत उपयोग कर भ्रमित किया गया है। इन्हीं बातों को लेकर मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद इटारसी के नगर अध्यक्ष शेख रमज़ान के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्टर के नाम एसडीईएम नीलेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। मप्र मुस्लिम विकास परिषद के जिला उपाध्यक्ष इमाम शाह शेख हमीद बाबू भाई शेख साबिर खान सत्तार भाई आदि सदस्य मौजूद रहे

**इटारसी.** स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण एसआईआर में जिन नागरिकों के नाम पहले से मौजूद थे और बीएलओ जिनको व्यक्तिगत रूप से जानते पहचानने के बाद भी उनके नाम 2003 की सूची में भी मौजूद थे. उन्हें भी प्रशासन द्वारा नोटिस जारी कर अपने कार्यालय में घंटों बिठाए रख रहे हैं और साथ ही अधिकारी अपनी सीट पर मौजूद नहीं रह रहे. और नागरिक परेशान हो रहे हैं. उनका कहना है कि हमें नोटिस प्राप्त हुआ है हम अपना काम और नौकरी छोडकर यहां बैठे हैं लेकिन अधिकारी ही दिये गये समय पर मौजूद नहीं है. हमारी शिकायत कोई सुनने को तैयार नहीं है. नगर के वार्ड 12 में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के दौरान बीएलओ की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। सूची में कई मृत व्यक्तियों के नाम शामिल किए जाने के विरोध में नगर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

# सीईओ को लेकर सरपंच और सचिव संघ आमने-सामने

**हड़ताल के कारण कार्य प्रभावित**

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 28 जनवरी** बनखेड़ी जनपद में सचिव संघ एवं सहायक सचिव संघ की सात दिनों से जारी हड़ताल को लेकर अब सरपंच संघ और सचिव संघ आमने-सामने आ गए हैं। हड़ताल के कारण ग्राम पंचायतों का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इस संबंध में सरपंच संघ बनखेड़ी ने जिला पंचायत सीईओ को आवेदन सौंपा। आवेदन में बताया गया कि सचिव एवं सहायक सचिव संघ की हड़ताल को लेकर जब सरपंच संघ ने जनपद सीईओ से संपर्क किया, तो जनपद सीईओ द्वारा हड़ताल से जुड़ी सभी मांगों एवं विषयों पर अपनी कार्य प्रणाली में सुधार का आश्वासन दिया गया, जिससे सरपंच संघ संतुष्ट है। इसके पश्चात सरपंच संघ द्वारा सचिव एवं सहायक सचिव संघ से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया गया, किंतु सचिव संघ एवं रोजगार सहायक इस पर सहमत नहीं हुए। इससे सरपंच संघ में असंतोष व्याप्त है। सरपंच संघ ने मांग की है कि यदि सचिव एवं सहायक सचिव शीघ्र ही हड़ताल समाप्त नहीं करते हैं, तो ग्राम पंचायतों के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए सचिव एवं सहायक सचिव की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

**उनका कहा है कि**

तीन साल में बनखेड़ी जनपद को सीईओ मिली है पंचायतों के काम ने रफ्तार पकड़ी थी और सचिव हड़ताल पर चले गए हम चाहते है कि सचिव काम पर लौटे और सीईओ भी यही रहे ,सीईओ को अगर हटा दिया तो पता नहीं कब बनखेड़ी को सीईओ मिलेंगे सीईओ नहीं रहने काम लंबित हो जाते है

**लखन पटेल**
**अध्यक्ष सरपंच संघ**

जब तक सीईओ को नहीं हटाएंगे सचिव काम पर नहीं लौटेंगे हमारी मांग जायज है

**केशर सिंह चौधरी**
**अध्यक्ष सचिव संघ**

हड़ताल निरंतर जारी रहेगी जब तक मांग पूरी नहीं होती

**सुबोध पटेल, अध्यक्ष**
**सहायक सचिव संघ बनखेड़ी**

# पुलिस ने 5 किलो 700 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिराली, 28 जनवरी.** थाना सिराली पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बंदी महाडिया निवासी एक युवक को 5 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। जप्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 57 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज दिनांक 27 जनवरी 2026 को थाना सिराली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बंदी महाडिया में एक व्यक्ति अपने घर के आंगन की टपरी से अवैध मादक पदार्थ गांजा बेच रहा है। सूचना विश्वसनीय पाए जाने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय हरदा के



मार्गदर्शन तथा एसडीओपी खिरकिया के निर्देशन में थाना प्रभारी सिराली द्वारा तत्काल टीम गठित की गई। पुलिस टीम हमराह स्टाफ एवं दो स्वतंत्र गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची। वहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति अपने घर के बाहर संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

## गोठी धर्मशाला ट्रस्ट करेगा सम्मान समारोह

**इटारसी** सेठ लख्मीचंद गोठी धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा महात्मा गांधी जी की 78वीं पुण्यतिथि पर 30 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे बापू प्रवास स्मृति कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

समाजसेवी सुधीर गोठी ने बताया कि इस अवसर पर बापू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा शहर के वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरण शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण एस. थोटा, पूर्व विधायक श्री अम्बिका प्रसाद शुक्ला, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष श्री पंकज चौरे सहित वरिष्ठ नागरिक मंच के सभी सदस्य और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## डीपीसी डॉ जायसवाल को महासरस्वती सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 28 जनवरी.** शिक्षा विभाग के जिला परियोजना समन्वयक डॉ राजेश जायसवाल को इस साल का महासरस्वती सम्मान दिया गया है। यह सम्मान प्रतिवर्ष अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा द्वारा दिया जाता है।



ज्ञात रहे कि सम्मान नर्मदा जयंती के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर में दिया जाता है, लेकिन डॉ जायसवाल उस दिन व्यस्तताओं के चलते पहुंच नहीं सके थे। इस कारण यह सम्मान बुधवार को समेरिटंस विद्यालय में मंदिर के ठाकुर राजा द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञात रहे कि इस वर्ष महाकाली सम्मान डॉ हर्षल कावरे, महा लक्ष्मी सम्मान सुरेश अग्रवाल माखननगर और महा दुर्गा सम्मान बनखेड़ी के पूर्व सैनिक निरंजन वैष्णव को दिया गया है। इस अवसर पर डॉ जायसवाल ने कहा कि यह सम्मान मैं भगवान के चरणों में समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रभु के प्रेरणा से ही श्रेष्ठ कार्य होते हैं। कार्यक्रम में डॉ शर्मा के अलावा प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, कॉर्डिनेटर आरके सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे। संचालन प्रमोद शर्मा ने किया जबकि आभार श्रीमती रावत ने व्यक्त किया।

# ओलावृष्टि से कई गांवों में फसलों को भारी नुकसान

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 28 जनवरी** जिले में चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ के प्रभाव से मौसम में बदलाव आया। बीती रात गरज-चमक के साथ हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलें आड़ी पड़ गईं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। जिले के मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब एक घंटे तक तेज बारिश दर्ज की गई। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में बोर के आकार के ओले भी गिरे, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। सबसे अधिक ओलावृष्टि सोनतलाई क्षेत्र के सेनगुड, पांचातलाई, करनपुरा, कचबेड़ी, जामली, बिछोला, हनीफबाद और डोमरी सहित लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले



गांवों में हुई। तेज हवाओं और ओलों के कारण खेतों में खड़ी चना, गेहूं, सरसों और मक्का की फसलें जमीन पर बिछ गईं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।ओलावृष्टि का केंद्र सोनतलाई गांव रहा, जहां विद्युत सब स्टेशन पर आकाशीय बिजली गिरने से लगभग 20 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हालांकि, जिले के कुछ अन्य क्षेत्रों में केवल बूंदाबांदी की जानकारी मिली है।

# कलश यात्रा और हिंदू सम्मेलन में गूंजा जयश्रीराम

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 28 जनवरी.** स्थानीय श्री कृष्ण बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर एकता और भक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे पुराने जबलपुर गेट, बंगलिया स्थित प्राचीन माँ दुर्गा, भगवान शंकर और हनुमान मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। सिर पर मंगल कलश धारण किए मातृशक्ति और जयघोष करते युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों, विशेषकर वार्ड क्रमांक 8, 6, 9 और 10 से होते हुए पशुपतिनाथ धाम मंदिर परिसर पहुंची। रास्ते भर पुष्पवर्षा और जय श्रीराम के नारों से माहौल



पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। पशुपतिनाथ धाम परिसर में आयोजित मुख्य सम्मेलन में नगर के गणमान्य नागरिक और धर्मगुरु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नगर प्रचारक जितेंद्र सरयाम ने हिंदू समाज की एकजुटता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। उनके साथ ही पूज्य महाराज नरेंद्र शास्त्री का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को धर्म के मार्ग पर चलने और संस्कारों के संरक्षण की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के पदाधिकारी डॉ. मेजर पंकजमनी पहाड़िया (नगर संयोजक) मेहरबान सिंह चौहान (बस्ती संयोजक) ममता मालवीय व राजकुमार बाबरिया (सह संयोजक) ज्योति बाबरिया, निहारिका मालवीय और प्रियंका चौहान (समाजसेवी) का सहयोग रहा. सम्मेलन के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया,

## आज दोपहर 12 से 2 बजे तक विद्युत रहेगी बंद

**इटारसी।** शहर के पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सूचना है। गुरुवार, 29 जनवरी को आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते 11 केवी टाउन फीडर की बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर 12 बजे से 14 बज 2 घंटे तक मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। इस दौरान टाउन फीडर से संबंधित पीपल मोहल्ला सहित समस्त क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य की स्थिति को देखते हुए कटौती का समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

# इटारसी में बड़े उद्योगों की कमी -एसपी

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 28 जनवरी.** शहर की जरूरतों पर बात करते हुए एसपी ने माना कि इटारसी में बड़े उद्योगों (इंडस्ट्री) की कमी है, जिसके कारण रोजगार के लिए लोगों को भोपाल जाना पड़ता है। उन्होंने यहां इंडस्ट्री की स्थापना को बेहद जरूरी बताया। पुलिस विभाग में बल की कमी के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह शासन स्तर का मामला है। पूरे जिले में वर्तमान में लगभग 500 पुलिसकर्मियों की कमी है, हालांकि अन्य जिलों की तुलना में यहां स्थिति फिर भी बेहतर है। नर्मदापुरम के पुलिस



अधीक्षक साईंकृष्ण थोटा ने पुलिस थाने का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात एसपी नेपत्रकारों से सौजन्य भेंट की और शहर की कानून व्यवस्था सहित विभिन्न सामाजिक व बुनियादी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने इटारसी के नागरिकों की जागरूकता और यहां के शैक्षणिक स्तर की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए एसपी साईंकृष्ण थोटा ने कहा कि इटारसी के लोग अत्यंत सक्रिय हैं और यहां शिक्षा का स्तर बहुत बेहतर है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यहां के लोगों में कानूनी जागरूकता अधिक है। तुलनात्मक रूप से उन्होंने कहा कि वे पूर्व में पन्ना जिले में पदस्थ थे, उसकी अपेक्षा नर्मदापुरम जिला काफी उन्नत है। उन्होंने शहर में खेल के प्रति उत्साह को भी सराहा.

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण हुआ

**पिपरिया** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ मैदान पर सामुहिक ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। आरएनए उत्कृष्ठ मैदान पर आयोजित ध्वजारोहण में जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने ध्वजारोहण किया। वही मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन जनपद उपाध्यक्ष कुसुमलता भगवान सिंह पटेल ने किया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी,नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने गणतंत्र दिवस की बधाईयां देते हुए शासन की चल रही योजनाओं के बारे में बताया।

# शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे : शर्मा

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/28,जनवरी,2026** / होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागृह में आयोजित त्रैमासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

ज्ञातव्य है कि विधायक डॉ. शर्मा द्वारा प्रत्येक तीन माह में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा की जाती है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक बेहतर ढंग से पहुँच सके। इसी क्रम में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गृह विज्ञान महाविद्यालय के पीछे चल रहे पिचिंग निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की जानकारी एकत्रित कर एक माह के भीतर उन्हें तोड़े जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# भारतीय किसान संघ तहसील इकाई द्वारा एक दिवसीय धरना एवं ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**सिराली, 28 जनवरी.** भारतीय किसान संघ तहसील सिराली द्वारा बुधवार को कृषि उपज मंडी में अपनी मांगों को लेकर धरना दिया इसके बाद संगठन द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. इस वर्ष गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर की जाए, सोयाबीन की भावांतर राशि शीघ्र किसानों के खातों में डाली जाए, आगामी रवि सीजन में गेहूं एवं चने के साथ मक्का की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए, गंजाल मौरण्ड संयुक्त सिंचाई परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए माचक नहर में पर्याप्त पानी दिया जाए, सिराली तहसील अंतर्गत किसानों के खेतों तक जाने वाले मार्गो का अतिक्रमण हटाया जाए, सिराली तहसील में किसानों के अविवादित नामांतरण एवं सीमांकन के प्रकरण निश्चित समय अवधि में पूर्ण किया जाए, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए किसानों को कृषि विभाग द्वारा उन्नत किस्म के बीज समय से पूर्व उपलब्ध करवाया जाए, सप्ताह में एक दिन अनुविभागीय अधिकारी सिराली तहसील मुख्यालय पर बैठना सुनिश्चित करें, मेंटेनेंस के नाम पर बिजली विभाग बार-बार बिजली कटौती बंद करें.

**सीपीआर प्रशिक्षण**

## सही समय पर दी गई मदद किसी का घर उजड़ने से बचा सकती है

# ग्राम धरमकुंडी में आपात स्थिति में जीवन बचाने का गुर सिखाया



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 28 जनवरी** सिवनी मालवा नगर सहित अनेक ग्रामों में धरमकुंडी बस स्टैंड पर लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया गया। जन-जागरूकता अभियान के तहत पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेखर रघुवंशी ने बताया कि हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट या अचानक बेहोशी की स्थिति में सीपीआर कैसे किसी की जान बचा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन अभ्यास के माध्यम से सीपीआर देने की सही तकनीक, छाती दबाने की विधि, सांस देने का तरीका और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने कहा कि सही समय पर दिया गया सीपीआर मरीज को अस्पताल पहुंचने तक सुरक्षित रख सकता है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत प्रतिक्रिया देने और आसपास मौजूद संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। डॉक्टर शेखर रघुवंशी द्वारा बताया कि यदि किसी व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ता है या एक्सीडेंट में वह बेहोश हो जाता है, तो एम्बुलेंस आने से पहले गोल्डन ऑवर में उसकी जान कैसे बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि गंभीर स्थिति में हाथ की पल्स मिलना मुश्किल होता है, इसलिए गले के पास स्थित कैरोटिड आर्टरी से पल्स की जांच करनी चाहिए। सांस रुकने या हृदय गति बंद होने पर बिना समय गंवाए छाती को दबाये। इस तरह के प्रशिक्षण से आम नागरिक भी जीवन रक्षक बन सकते हैं। प्रशिक्षण में युवाओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉक्टर शेखर रघुवंशी, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा, जनपद पंचायत सदस्य शेर सिंह दरबार जीवन रक्षक तकनीक को सीखने के लिए प्रेरित किया।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**पिपरिया** ग्राम पंचायत खापरखेडा द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर एकीकृत सांस्कृति एवं बौद्धिक प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यअतिथि के रूप में विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने विकास को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि खापरखेडा में 25 लाख से सामुदायिक भवन बनेगा वही अन्य कार्यो हेतु सरपंच सुलभ गोयदानी द्वारा रखी मांग पर विधायक निधि से देने की घोषणा की। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक ग्राम की प्रतिभाओं, पिपरिया के आयुष घुरका ने स्टार्टअप में जोधपुर में पुरस्कार प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।